## महानगर में आज



**बच्चे और सिनेमा**
पीएचडी हाउस में 'स्माइल इंटरनैशनल फेस्टिवल फॉर चिल्ड्रन एंड यूथ' (SIFFCY), अगस्त क्रांति मार्ग, हौज खास, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक। बच्चों के लिए और बच्चों की बनाई फिल्मों के साथ स्माइल फाउंडेशन के इस फेस्ट (siff-cy.org) में आज बैलेट, प्रवास, फ फॉर फ्रॉग फिल्में देखी जा सकती है।

**जिंदगी के रंग**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'हेयर, फॉरएवर', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। आर्टिस्ट अनुराग आनंद के इस शो को 13 अप्रैल तक दर्शकों के बीच होंगे।

**विरह**



इंडिया इंटरनैशनल सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'विरह : द एस्थेटिक्स एंड मेटाफिजिक्स ऑफ लॉन्गिंग', आर्ट गैलरी, कमलादेवी कॉम्प्लेक्स, सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक। साहित्य, संगीत और चित्र की त्रिवेणी का दिल्ली वाले आनंद ले सकते हैं।

**रंग और शेड**



ललित कला आदमी में आर्ट एग्जिबिशन 'अ पिक्चर वर्थ वर्ड्स', गैलरी 7, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे से। बनारस के आर्टिस्ट सुरेश चंद्र जांगिड़ के इस शो को कला प्रेमी 12 अप्रैल तक देख सकते हैं।

**कैनवास और रंग**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'मैनिक्विन', विजुअल आर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। सुमित मिश्रा की इस पेंटिंग एग्जिबिशन का आनंद 15 अप्रैल तक देखी जा सकती है।

**दिल्ली के रंग**
इंडिया हैबिटेट सेंटर में ग्रुप पेंटिंग एग्जिबिशन 'वेव दिल्ली', ओपन पाम कोर्ट गैलरी, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। जिंदगी के कई भावों को समेटती सुशांता बसक, असित दास, स्वपन घोष, स्वपन रॉय, शंकर तरफदार समेत कई कलाकारों की यह एग्जिबिशन में कई कलाकारों का आर्टवर्क निहारा जा सकता है।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesgroup.com पर

# दिखा ईद का चांद, आज होगा जश्न




Photos: PTI

बुधवार शाम करीब सवा सात बजे ईद के चांद का दीदार हुआ

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**आज पूरे** देश में ईद मनाई जाएगी। बुधवार को शव्वाल महीने का चांद नजर आ गया है। बुधवार शाम करीब सवा सात बजे ईद के चांद का दीदार हुआ। जामा मस्जिद की चांद कमेटी ने चांद नजर आने का ऐलान किया है। जामा मस्जिद के शाही इमाम ने सभी मस्जिदों के इमामों को सुझाव दिया है कि जहां पूरी तरह से मुस्लिम बस्तियां हैं, वहां नमाजियों की संख्या अधिक होने की वजह से मस्जिद के बाहर नमाज पढ़ सकते हैं। इस दौरान कोई आपत्तिजनक व्यवधान न हो। स्थानीय प्रशासन इसके लिए सहयोग करें। बाहर नमाज पढ़ना मुमकिन न हो तो मस्जिद के परिसर में ही एक से अधिक जमात की जाएं। जामा मस्जिद में सुबह साढ़े छह बजे ईद की नमाज पढ़ी जाएगी।



### सुबह पढ़ी जाएगी ईद की नमाज़

**शाही इमाम** ने अपील की है कि जहां मिश्रित बस्तियां है, वहां मस्जिद के अंदर ही नमाज की व्यवस्था रहे। फिर चाहे इसके लिए एक से अधिक जमात ही क्यों न करनी पड़ें। साथ ही हर नई जमात का इमाम अलग होगा। उन्होंने कहा कि ईद की नमाज सद्भावना के माहौल में अता हो। ईद-उल-फितर पर मस्जिदों में सुबह नमाज पढ़ी जाएगी।






# 40 डिग्री के पास पहुंचा तापमान

## चलीं गर्म हवाएं, बुधवार को सीजन का सबसे गर्म दिन

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**बुधवार को** दिल्ली का अधिकतम बढ़कर 39.1 डिग्री पहुंच गया। वहीं पिछले दो दिनों से दिल्ली के नरेला का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक है। बुधवार को यहां का तापमान 41.2 डिग्री रहा। मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री था। मौसम विभाग के अनुसार इसे लू नहीं कहा जा सकता।

बुधवार को सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। दोपहर के समय हवाओं में गर्माहट का अहसास भी हो रहा था। वहीं न्यूनतम तापमान 17 डिग्री रहा। नजफगढ़ का अधिकतम तापमान 39.4 और पीतमपुरा का 39.5 डिग्री रहा। अगले तीन दिन तक गर्मी लोगों को परेशान करने वाली है। उसके बाद बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री तक रह सकता है। इसके बाद 12 व 13 अप्रैल को भी काफी गर्मी रहेगी। अधिकतम तापमान 39 और न्यूनतम 19 से 20 डिग्री तक रह सकता है। 13 अप्रैल को शाम के समय आंधी की संभावना है। ऐसे में 14 अप्रैल को तापमान में चार से पांच डिग्री की कमी आ सकती है। अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम 20 डिग्री रह सकता है। 15 अप्रैल को भी बारिश व आंधी की संभावना है। अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 19 डिग्री तक रहेगा। 16 अप्रैल को भी हवाएं तेज रहेंगी। 20 अप्रैल से पहले तापमान 40 डिग्री को पार करने की संभावना नहीं है।

AI Image




### दस दिन बाद फिर खराब हुई हवा

■ **विस, नई दिल्ली:** दस दिन बाद राजधानी की हवा एक बार फिर खराब स्तर पर पहुंच गई है। अगले दो दिन इसके खराब स्तर पर रहने की संभावना है। हवाओं में पीएम 2.5 और पीएम 10 का स्तर बढ़ने की वजह से यह बढ़ोतरी हुई है। सीपीसीबी के एयर बुलेटिन के अनुसार राजधानी का औसत AQI 222 रहा। दस दिनों बाद प्रदूषण का स्तर 200 के ऊपर आया है। इससे पहले 31 मार्च को AQI 242 रहा था। मार्च में इस बार चार दिन प्रदूषण खराब स्तर पर रहा था। अप्रैल में यह पहला दिन है जब प्रदूषण खराब स्तर पर पहुंचा है। लोदी रोड सबसे प्रदूषित रहा। यहां का AQI 306 रहा। वहीं 22 जगहों पर प्रदूषण खराब और 11 जगहों पर यह सामान्य स्तर पर रहा। सबसे साफ जगह में मंदिर मार्ग रहा। यहां का AQI 140 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 11 और 12 अप्रैल को प्रदूषण का स्तर खराब रह सकता है। इसके बाद 13 अप्रैल को यह सामान्य स्तर पर पहुंच जाएगा।

**पीएम 2.5, पीएम 10 का स्तर बढ़ने से प्रदूषण में इजाफा**



### प्रदूषण मीटर

**एनसीआर का हाल**

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 222 |
| गाजियाबाद | 158 |
| फरीदाबाद | 233 |
| नोएडा | 176 |
| गुरुग्राम | 256 |

**दिल्ली में कितना प्रदूषण**

| | |
|---|---|
| शादीपुर | 275 |
| अलीपुर | 274 |
| पटपड़गंज | 251 |
| मंदिर मार्ग | 139 |
| नजफगढ़ | 156 |
| आर के पुरम | 202 |
| नरेला | 253 |
| नेहरू नगर | 268 |
| बवाना | 276 |
| पंजाबी बाग | 172 |
| आनंद विहार | 279 |

● अच्छा: 0-50 ● संतोषजनक: 51-100 ● मध्यम: 101-200 ● खराब: 201-300 ● खतरनाक: 301-400 ● गंभीर: 401-500
*AQI के आंकड़े शाम 4 बजे तक

# पुलिसवालों को जलाने के प्रयास का आरोप

■ कृष्ण कुणाल सिंह, नई दिल्ली

AI Image



**सेक्स वर्करों को लोगों को परेशान करने पर पुलिसवालों ने किया था मना**

**कमला मार्केट** में जीबी रोड पर सेक्स वर्कर का काम करने वाली तीन महिलाएं वहां से आने-जाने वाले लोगों को परेशान कर रही थीं। तभी गश्त पर निकले पुलिसवालों ने उन्हें मना कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने की कोशिश की तो उन्होंने पुलिसकर्मियों पर तेल छिड़ककर जलाने की कोशिश की।

पुलिसकर्मियों में महिला स्टाफ भी शामिल थीं। उन पर भी उन्होंने तेल छिड़ककर जलाने की कोशिश की गई। पुलिसवालों ने किसी तरह खुद को बचाया और तीनों महिलाओं को पकड़ कर थाने लेकर आए। उसके बाद तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। डीसीपी एम हर्षवर्धन ने बताया कि बुधवार शाम पुलिस स्टाफ जिसमें महिला स्टाफ भी थीं, जीटीबी रोड इलाके में गश्त पर पहुंचे। तीन सेक्स वर्कर वहां से आने-जाने वाले लोगों से जबरदस्ती पैसे वसूलने की कोशिश कर रही थीं। पुलिसवालों ने तीनों सेक्स वर्कर को लोगों को परेशान करने से मना किया और उनके खिलाफ कार्रवाई करने लगे।

इसी बीच उन्होंने पुलिसकर्मियों पर तेल छिड़क दिया और आग लगाने की कोशिश की। लेकिन, पुलिसवालों ने उन्हें काबू कर लिया, फिर थाने लाने के बाद तीनों महिलाओं को कोर्ट के सामने पेश किया गया। उसके बाद तीनों महिलाओं को जेल भेज दिया गया।

# लैपटॉप चोरी कर नेहरू प्लेस, लखनऊ में बेचने वाला अरेस्ट

■ **विस, नई दिल्ली:** लक्ष्मी नगर थाना पुलिस ने लैपटॉप चोरी करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चोरी के आरोपी जामिया नगर के बटला हाउस निवासी सबी अहमद और रिसीवर नेहरू प्लेस के एक दुकानदार दिनेश शर्मा को अरेस्ट किया है। इनसे 14 लैपटॉप, 81 -मदर बोर्ड, एक टैब और अन्य सामान बरामद किए हैं। आरोपी सबी चोरी के बाद दिनेश को या लखनऊ में एक अन्य रिसीवर को लैपटॉप बेचता था।

डीसीपी (ईस्ट) अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि लक्ष्मी नगर में लैपटॉप चोरी के एक मामले की जांच के दौरान पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज मिली। इसके जरिए पुलिस ने बटला हाउस इलाके से सबी

AI Image



**रिसीवर भी अरेस्ट, 14 लैपटॉप बरामद**

अहमद को पकड़ लिया। ये शुरुआत में पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन बाद में टूट गया। पुलिस ने पहले एक लैपटॉप बरामद किया, जो मंडावली इलाके से चोरी किया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि चोरी के लैपटॉप नेहरू प्लेस में दिनेश और लखनऊ में मोहम्मद बिलाल उर्फ खालिद को बेचता है। पुलिस ने सबी की निशानदेही पर छापेमारी कर आरोपी दिनेश को शाहदरा इलाके के ईस्ट गोरख पार्क से दबोच लिया।

# घर से 6 लाख का सामान ले उड़े चोर

■ **विस, नई दिल्ली:** सीमापुरी इलाके में दिलशाद कॉलोनी के एक घर में सेंध लगाकर बदमाश मंदिर में रखी चांदी की लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति, सोने का श्रीयंत्र, चांदी-सोने के सिक्के, एक टैबलेट समेत काफी सामान चोरी करके ले गए। पीड़ित का दावा है कि चोरी हुए सामान की कीमत पांच से छह लाख रुपये है। बदमाश सीसीटीवी में कैद मिले हैं। सीमापुरी थाना पुलिस ने सेंधमारी के तहत केस दर्ज कर लिया है। अमित कुमार दिलशाद कॉलोनी के जी-ब्लॉक स्थित बिल्डिंग की टॉप फ्लोर पर रहते हैं। वो पेशे से पत्रकार हैं। उन्होंने बताया कि बीते गुरुवार को वारदात हुई।

**सीमापुरी में वारदात, बदमाश सीसीटीवी में कैद**

# ITO में चाकू और ईंट से वार कर शख्स की हत्या

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

**टॉइलट के** लिए घर से बाहर निकले शख्स की पांच मिनट के भीतर हत्या कर दी गई। दावा है कि करीब आठ आरोपियों ने चाकू और ईंट से वारदात को अंजाम दिया। मृतक नंद किशोर कुमार चौधरी (32) की बॉडी पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दी गई। नंदकिशोर शादी-शुदा थे, जिनकी तीन लड़कियां हैं। आईपी एस्टेट थाना पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया। छह आरोपियों को पकड़ लिया गया है।

चंद्रशेखर कुमार चौधरी (26) मूल रूप से बिहार के सुपौल के रहने वाले हैं। वो आईपी एस्टेट इलाके की आईटीओ स्थित अन्ना नगर की झुग्गी बस्ती में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वो अपने बड़े भाई नंद किशोर कुमार चौधरी के साथ रहते थे। दोनों भाई लाल किले के जैन मंदिर के सामने अलग-अलग स्टॉल



नंद किशोर कुमार चौधरी (32)

**छह आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया**

लगा कर कपड़े बेचा करते थे। दोनों भाई मंगलवार रात करीब 10 बजे घर में खाना-पीना कर सोने की तैयार कर रहे थे। इसी दौरान नंद किशोर बाहर निकले।

करीब पांच मिनट बाद ही शोर आया तो चंद्रशेखर बाहर निकले। करीब आठ लड़के नंद किशोर की पिटाई कर रहे थे, जो उन्हें देख भागने लगे। एक लड़के के हाथ में चाकू था। सभी आरोपी मोरी गेट स्थित मद्रासी कॉलोनी के थे। दावा है कि नंद किशोर ने अपने भाई को सभी के नाम बताए, जिन्होंने अपनी कॉलोनी के एक लड़के की पिटाई का बदला लेने के लिए वारदात को अंजाम दिया था।

# स्कूटर और कैश लूटकर आरोपी फरार

■ **एनबीटी न्यूज,डाबड़ी :** एक युवक से आरोपियों ने स्कूटर और हजारों की नकदी लूट ली। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और लूटपाट करने के बाद फरार हो गए। आरोपियों के जाने के बाद पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी। फिलहाल पुलिस पीड़ित के बयान पर केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित चंदन (18) ने बताया कि प्राइवेट कंपनी में काम करते है। आठ अप्रैल की रात करीब 12 बजे वह स्कूटर से अपने दोस्त अक्षत के साथ मालिक को रुपये देने जा रहे थे। वह घर से कुछ दूर चले ही थे। तभी दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और डरा-धमकाकर चुप रहने को कहा। दोस्त को स्कूटर के बीच में बैठाया। एक आरोपी सबसे पीछे बैठा और एक ने स्कूटर चलाया। पंखा रोड पर मोबाइल छीना और फरार हो गए।

**30 हजार रुपये कैश स्कूटर में रखे हुए थे**






# लिवइन पार्टनर का किया मर्डर, शव के पास रातभर पी शराब

■ नगर संवाददाता, फरीदाबाद

**जीवन नगर** में हुई महिला की हत्या के आरोपी को बिहार से गिरफ्तार किया गया है। मुजेसर थाना पुलिस ने मामले का खुलासा किया है। सामने आया कि हत्या के बाद आरोपी शव के साथ ही रातभर रहा। उसने घर में ही खाना बनाया। वारदात के बाद शराब पीता रहा। अब पुलिस मृतका का मोबाइल खोजने में जुटी है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पांच अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि जीवन नगर के एक मकान से बदबू आ रही है। सूचना मिलते ही संजय कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई और कमरे में लगे ताले को तोड़ा। कमरे से एक महिला का शव मिला। गले में चुन्नी लिपटी थी। ऐसे में मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मृतका के साथ रहे युवक के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना और मोबाइल लोकेशन के आधार पर संजय कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम ने आरोपी को बिहार के फुलकिया से गिरफ्तार किया है।




### 5 अप्रैल को हुई थी वारदात

- पांच अप्रैल को हुई वारदात में बिहार से पकड़ा आरोपी
- मकान से बदबू आने की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

**पुलिस प्रवक्ता** के अनुसार, दोनों तीन साल से लिवइन में थे। मकान मालिक को दोनों ने पति-पत्नी बताया था। आरोपी ने बताया कि उसे शक था कि महिला की किसी और से दोस्ती है, इसलिए पांच अप्रैल को शाम करीब सात बजे ड्यूटी से आते ही चुन्नी से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी थी।

# वेंडर का मर्डर कर लिंक रोड किनारे फेंका

■ **स, फरीदाबाद :** सराय क्षेत्र में फूड वेंडर की हत्या कर शव को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे लिंक रोड किनारे फेंक दिया गया। ग्रीनबेल्ट में शव देखकर लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सराय थाना प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि एक्सप्रेसवे लिंक रोड के किनारे एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान सेहतपुर निवासी 42 वर्षीय जितेंद्र उर्फ लाला के रूप में हुई। उसके सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस का कहना है कि हत्या कर शव देर रात यहां फेंका गया है या फिर यहां लाकर हत्या की गई है। पुलिस ने सूचना उसके परिवार को झांसी में दे दी है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा।


**OFFICE OF THE RETURNING OFFICER**
**THE DELHI STATE COOPERATIVE BANK LTD.**
31, Netaji Subhash Marg, Daryaganj, New Delhi-110002, Tel: 41705038, E-mail: bkg.dscb@gmail.com

**PUBLIC NOTICE TO MEMBERS**

**It is proposed to hold elections for 11 posts of directors in DSCBL.** In terms of Clause 3 of Schedule II of DCS Rules 2007, the nominations of the Authorized Representatives of the member societies are invited along with the resolutions of the Committee and duly attested specimen signature and photo of the Authorized Representative. The nominations shall be accompanied by the proof of the society being a member of DSCBL and attested copies of its Audit Reports from 2007-08 to 2022-23. The nominations should reach the undersigned by **5:00 p.m. on 30.04.2024**.

**Election Schedule:** Issue of nomination papers by R.O: 15.05.2024 from 11:00 a.m. to 3:00 p.m. Receipt of nominations by Returning Officer: **20.05.2024, by 05:00 p.m.**; Scrutiny and display of valid nominations: **21.05.2024**; Withdrawal: **22.05.2024, by 05:00 p.m.**; Display of final list : **22.05.2024**; Date of SGBM for elections: **02.06.2024 at 10:00 a.m.**; Venue : **DMA House, Dr. Subhash Bhargava Marg, Daryaganj, New Delhi-110002.**

At the time of polling, individual members will be required to produce a valid proof of identity and proof of membership of DSCBL.Details are available on www.dscb.in.

**AK Kaushal, Returning Officer**

